**SET – 2**

**Series : SSO/1**

कोड नं.
Code No. **64/1/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **22** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **22** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *प्रश्नों की संख्या 22 है ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या 1 से 7 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न एक-एक अंक के हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या 8 से 13 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 से 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(iv) प्रश्न संख्या **14** से **20** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **21** व **22** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **5-5** अंक के हैं जो क्रमश: दिये गये मानचित्र पर भौगोलिक लक्षणों को पहचानने, स्थिति दिखाने और नामांकन करने से सम्बन्धित हैं ।

(vi) **संसार** और **भारत** के दिए गए रेखा-मानचित्रों को अपने उत्तर-पुस्तिका के बीच में अवश्य नत्थी कीजिए ।

(vii) रेखा-मानचित्र बनाने के लिए **साँचों** अथवा **स्टेंसिलों** के प्रयोग की अनुमति दी जाती है ।

(viii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**General Instructions :**

(i) *There are **22** geneal questions.*

(ii) *Question numbers **1-7** are very short answer questions carrying **1** mark each. Answer to these questions should not exceed **40** words.*

(iii) *Question numbers **8-13** are short answer questions carrying **3** marks each. Answer to these questions should not exceed **80-100** words.*

(iv) *Question numbers **14-20** are long answer questions carrying **5** marks each. Answer to these questions should not exceed **150** words.*

(v) *Question numbers **21-22** are related to identification, locating and labelling of geographical features on given map carrying **5** marks each.*

(vi) *Outline maps of the **World** and **India** provided to you must be attached within your answer-book.*

(vii) *Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.*

(viii) ***All** questions are compulsory.*

1. प्रदूषण के वर्गीकरण की कसौटी क्या है ? **1**

What is the criterion for the classification of pollution ?

2. शेरशाह सूरी ने शाही राजमार्ग क्यों बनवाया था ? **1**

Why did Sher Shah Suri built the Shahi (Royal) road ?

3. भारत में नगरीकरण के स्तर को किस प्रकार मापा जाता है ? 1

How is the level of urbanization measured in India ?

4. 'परिवहन जाल' की परिभाषा लिखिए । 1

Define the term 'transport network'.

5. गाँवों और शहरों में व्यवसाय के आधार पर अन्तर स्पष्ट कीजिए । 1/2 + 1/2 = 1

Distinguish between towns and villages on the basis of occupation.

6. आर्थिक क्रियाएँ किन्हें कहते हैं ? 1

What are economic activities ?

7. 'जनसंख्या वितरण' की परिभाषा लिखिए । 1

Define the term 'populaton distribution'.

8. संसार में ग्रामीण बस्तियों की अवस्थिति के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 1 = 3$

Explain any **three** factors responsible for the location of rural settlements in the world.

9. मानव भूगोल के अध्ययन की विषयवस्तु क्या है ? किन्हीं तीन तथ्यों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 1 = 3$

What is the subject-matter of the study of human geography ? Explain any three facts.

10. भारत में ग्रामीण बस्तियाँ किस प्रकार नगरीय बस्तियों से भिन्न हैं ? स्पष्ट कीजिए । $3 \times 1 = 3$

What makes rural settlements different from urban settlements in India ? Explain.

11. "विकास को सुनिश्चित करने के लिए जल का मूल्यांकन, सदुपयोग और संरक्षण आवश्यक हो गए हैं ।" जल संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मूल्यों की दृष्टि से व्याख्या कीजिए । 3

"The assessment, efficient use and conservation of water are necessary to ensure development." Explain in the light of values regarding conservation of water resources.

12. "भारत में भू-संसाधनों का महत्त्व उन लोगों के लिए और अधिक है, जिनकी आजीविका कृषि पर निर्भर है ।" कोई तीन उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए । $3 \times 1 = 3$

"Land resource is more crucial to the people whose livelihood is depending on agriculture in India." Support this statement by any three suitable arguments.

13. पर्यावरण का प्रदूषण कैसे होता है ? पर्यावरणीय निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी विभिन्न चार प्रकार के प्रदूषणों का उल्लेख कीजिए । $1 + 2 = 3$

How is environmental pollution caused ? Mention the four different types of pollution responsible for the environmental degradation.

14. जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि कब होती है ? संसार में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारकों की व्याख्या कीजिए । $1 + 4 = 5$

When does positive growth of population take place ? Explain the geographical factors that influence the distribution of population in the world.

15. 'चलवासी पशुचारण' की परिभाषा लिखिए । इसकी किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । 1 + 4 = 5

Define the term 'nomadic herding'. Explain its any four characteristies.

16. संसार में उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए । 5 × 1 = 5

Explain any five factors that influence the industrial location in the world.

17. वाहक के रूप में मानव से लेकर आजकल के तार मार्गों तक के स्थल परिवहन के विकास की यात्रा का वर्णन कीजिए । 5 × 1 = 5

Describe the journey of development of land transport from the days of humans as carriers and the cable ways of todays.

18. भारत में जनसंख्या के आँकड़ों का कौन सा स्रोत है ? भारत में जनसंख्या के वितरण को समझाइए । 1 + 4 = 5

What is the source of population data in India ? Explain the distribution of population in India.

19. "भारत में सड़कों का वितरण समरूप नहीं है ।" उपयुक्त तर्कों के द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5 × 1 = 5

"The distribution of roads is not uniform in India." Support this statement with suitable arguments.

20. भारत में चरागाहों का क्षेत्रफल क्यों घट रहा है ? अर्थव्यवस्था में परिवर्तन भू-उपयोग में परिवर्तनों को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? स्पष्ट कीजिए । 2 + 3 = 5

Why is the area under pastures is decreasing in India ? How do the changes in the economy effect the changes in land use ? Explain.

21. **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में पाँच लक्षण A, B, C, D और E के द्वारा दर्शाए गए हैं । इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(A) मानव विकास सूचकांक (2003) में उच्चतम दर्जा वाला देश

(B) रेलमार्ग का अंतिम स्टेशन

(C) एक प्रमुख वायुपत्तन

(D) एक प्रमुख समुद्री-पत्तन

(E) एक मेगा सिटी

In the given political outline map of the **World**, five features have been shown by A, B, C, D and E. Identify these features with the help of the information given below and write their correct names on the lines drawn near them :

(A) The country having the highest rank in Human Development Index 2003.

(B) Railway terminal station.

(C) An important airport.

(D) A major seaport.

(E) A mega city

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं :

(21.1) मानव विकास सूचकांक 2003 में उच्चतम दर्जा वाले देश का नाम लिखिए ।

(21.2) ऑस्ट्रेलियाई पार महाद्वीपीय रेलमार्ग के सबसे पूर्वी स्टेशन का नाम लिखिए ।

(21.3) ब्राजील के किसी प्रमुख वायुपत्तन का नाम लिखिए ।

(21.4) मैक्सिको की खाड़ी के तट पर स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.5) नाइजीरिया का मेगा सिटी कौन सा है ?

**Note :** The following questions are for the **Visually impaired candidates** only, in lieu of Q. No. **21** :

(21.1) Name the country having the highest rank in Human Development Index 2003.

(21.2) Name the eastern most station of Australian Trans-Continental railway.

(21.3) Name any major airport of Brazil.

(21.4) Name the major seaport located on the coast of the Gulf of Mexico.

(21.5) Which is the Mega city of Nigeria ?

22. **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए : **5 × 1 = 5**

(i) सबसे कम क्षेत्रफल वाला राज्य

(ii) जूट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य

(iii) हरियाणा में तेलशोधक कारखाना

(iv) छत्तीसगढ़ में एकीकृत लोहा और इस्पात संयंत्र

(v) कर्नाटक में अंतर्राष्ट्रीय वायुपत्तन

On the given political outline map of **India**, locate and label the following with appropriate symbols :

(i) The state having the smallest area

(ii) The leading Jute producing state

(iii) A oil-refinery in Haryana

(iv) An integrated Iron and Steel Plant in Chhattisgarh

(v) The international airport in Karnataka

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **22** के स्थान पर हैं :

(22.1) भारत के सबसे कम क्षेत्रफल वाले राज्य का नाम बताइए ।

(22.2) भारत में जूट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन सा है ?

(22.3) हरियाणा में स्थित तेलशोधक कारखाने का नाम बताइए ।

(22.4) छत्तीसगढ़ के उस स्थान का नाम बताइए जहाँ एकीकृत लोहा और इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(22.5) कर्नाटक के किस नगर में अंतर्राष्ट्रीय वायुपत्तन स्थित है ?

**Note :** The following questions are for the **Visually impaired candidates** only, in lieu of Q.No. 22 :

(22.1) Name the state of India having the smallest area.

(22.2) Which is the leading Jute producing state of India ?

(22.3) Name the oil-refinery located in Haryana.


(22.4) Name the place in Chhattisgarh, where an integrated iron and steel plant is located.

(22.5) In which city of Karnataka, the international airport is located ?


---

Map for Q. No. 21
प्रश्न सं. 21 के लिए मानचित्र

Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें



Map for Q. No. 22
प्रश्न सं. 22 के लिए मानचित्र




Cut Here ------- यहाँ से काटें ------- Cut Here ------- यहाँ से काटें